28/1

**दिनांक–24.04.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Proposed Construction of Block cum Circle office Building, at Ghanshyampur, Darbhanga कार्य से संबंधित निविदा के तकनीकी बीड निष्पादन के क्रम में प्राप्त परिवाद के निष्पादन हेतु विभागीय निविदा समिति की आहूत बैठक की कार्यवाहीः–**

---

**उपस्थितिः–**

(i) **श्री कुमार रवि,** – अध्यक्ष
सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** – सदस्य
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–
विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना।

(iii) **ई0 रामाज्ञा कुमार,** – सदस्य
मुख्य अभियंता (उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** – सदस्य
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | **Proposed Construction of Block cum Circle office Building, at Ghanshyampur, Darbhanga** |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹16,62,10,000/– (ग्रामीण विकास विभाग, बिहार का ज्ञापांक–3556556, दि0–10.01.2025) |
| 3. | योजना की समेकित तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि | – | ₹15,97,31,152/– (मुख्य अभियंता (नि0) का पत्रांक 986 (नि0) अनु0 दिनांक–11.07.2025 एवं मुख्य विधुत अभियंता का ज्ञापांक–732(वि0) दिनांक–01.07.2025) |
| 4. | योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹15,56,49,895/– |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | – | 01.12.2025 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि | – | 05.01.2026 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | – | 07.01.2026 |
| 8. | प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय | – | दिनांक 26.12.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 19.12.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | – | 12 (बारह) माह। |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | दैनिक जागरण समाचार पत्र दिनांक–05.12.2025 |
| 12. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | – | 018766(भवन)/2025–26 |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | – | **i)** M/S KUWAR CONSTRUCTION, (PROP-ABHIMANYU KUWAR), BARHETA, DHARBHANGA-846001 (BCD Class-1, REG NO-1210026) |
| | | – | **ii)** RUNGTA MULTICON PVT LTD., CUNIHARI TOLA, BHAGALPUR (BIHAR)- 812002 (BCD Class-1, REG NO-1250060) |
| | | – | **iii)** PRATAYASHA CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, R N COLLEGE ROAD, VEER SHAILESH COWK,NEAR POKHRA HAJIPUR (BIHAR- 844101) (RWD Class-1, REG NO-1210157) |

14. **प्रथम बार आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः–**

दिनांक–10.10.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में विषयांकित [illegible] प्रथम बार आमंत्रित निविदा में **भाग लिये तीन निविदाकारों में से कोई भी निविदाकार के तकनीकी** [illegible] में **'सफल'** नहीं पाये जाने के कारण वित्त विभाग के अधिसूचना सं0–7806, दिनांक–30.09.[illegible] के आलोक में निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा'** करने का निर्णय लिया गया।

15. **वर्त्तमान में (द्वितीय बार) आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः–**

विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में उपरोक्त तीन निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। उक्त सभी निविदाकारों के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा का पत्रांक–64 अनु0 दिनांक–09.01.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक–09.02.2026 को सम्पन्न बैठक में सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा **में भाग लिये तीन निविदाकारों में से दो निविदाकार** (i) "M/S KUWAR CONSTRUCTION, (PROP-ABHIMANYU KUWAR), BARHETA, DHARBHANGA- 846001" एवं (ii) "PRATAYASHA CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, R N COLLEGE ROAD, VEER SHAILESH COWK,NEAR POKHRA HAJIPUR (BIHAR- 844101)" को तकनीकी बीड में **"सफल"** घोषित किया गया था।

दिनांक–09.02.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय पर दिनांक–15.02.2026 के पूर्वाह्न 10.00 बजे तक किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद हेतु कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर रखा गया। विषयांकित कार्य के परिवादी RUNGTA MULTICON PVT LTD., CUNIHARI TOLA, BHAGALPUR (BIHAR)- 812002 द्वारा दिनांक–14.02.2026 को तकनीकी बीड के मूल्यांकन पर ई0–मेल के माध्यम से आपत्ति दी गयी है, जिसका विवरण एवं उक्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य निम्नवत् हैः–

| प्राप्त आपत्ति की विवरणी | प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य |
|---|---|
| परिवादी RUNGTA MULTICON PVT. LTD. ने अपने पत्रांक–शून्य दिनांक–14.02.2026 के द्वारा ई0–मेल के माध्यम से आपत्ति दी गयी है कि :–<br>उपरोक्त निविदा के संबंध में परिवादी का कहना है किः–<br>**Dear Sir,**<br>With all due respect, the undersigned is filing this objection against the findings of the Technical Bid Evaluation Committee, which declared the technical bid of Rungta Multicon Private Limited as "non-responsive".<br>According to the committee's proceedings, our bid was rejected on the grounds that under Clause 4.5A(c) of the SBD, concerning the minimum quantity of executed items in one year, the experience certificate submitted for the sublet Fire Fighting work was not found to be formatted financial year-wise.<br>We are exercising our option to submit an objection against this disqualification on the following factual and verifiable grounds:<br>The Department (via Chief Engineer, South) Has Already Verified and Accepted this Exact Certificate:<br>The precise issue of this sub-contractor's firefighting experience certificate lacking a financial year-wise breakdown was previously raised by the Technical Bid Evaluation Committee for the Pirpainti Block-cum-Circle Office project. That project falls under the jurisdiction of the Chief Engineer (South). | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने आपत्तिकर्त्ता निविदाकार RUNGTA MULTICON PVT. LTD. द्वारा दर्ज की गयी आपत्ति के आलोक में उनके द्वारा ई0–टेंडर मॉड्यूल में अपलोड किये गये तकनीकी बीड के अभिलेखों की पुर्नसमीक्षा की गयी समीक्षोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया किः–<br>दिनांक–09.02.2026 को सम्पन्न तकनिकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में निविदाकार RUNGTA MULTICON PVT. LTD. के Sub-Contractor के अनुभव प्रमाण–पत्र में Fire fighting की मात्रा वित्तीय वर्षवार अंकित नही होने के कारण तकनिकी बीड में असफल घोषित किया गया। उक्त निविदाकार द्वारा भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैती प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय–सह– आवासीय भवन के निर्माण कार्य की निविदा में भी भाग लिया गया था, जिसमें समान कारण से उन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया। प्राप्त आपत्ति के आलोक में मुख्य अभियंता (दक्षिण) के पत्रांक–3558(द0) दिनांक–07.10.2025 द्वारा Senior Divisional Signal and Telecom Engineer, East Central Railway Danapur Division, Patna से Fire fighting कार्य का वर्षवार मात्रा प्रतिवेदित करने का अनुरोध किया गया। जिसके प्रत्युत्तर में East Central Railway Danapur Division, Patna के पत्रांक– एसजी/दाना/निविदा/विविध/25 दिनांक–21.10.2025 द्वारा वित्तीय वर्षवार राशि की जानकारी प्रतिवेदित की गयी। |

| | |
|---|---|
| During the review of that grievance, the office of the Chief Engineer (South), Building Construction Department, actively sought clarification directly from the issuing authority. Specifically, the Chief Engineer (South) sent a reminder letter (Memo No. 3558 dated 07.10.2025) to the Senior Divisional Signal & Telecom Engineer, East Central Railway, Danapur Division, to obtain the financial year-wise breakdown of the firefighting work.<br>In response, vide letter No. 25 dated 21.10.2025, the East Central Railway confirmed the financial year-wise execution details. The official report verified that firefighting work amounting to ₹1,02,41,789/- was executed during the financial year 2021-22. Consequently, the Technical Bid Evaluation Committee formally accepted this data and validated our grievance for that specific certificate.<br>**Prayer for Urgent Action:**<br>We kindly request your good self to convene the Technical Bid Evaluation Committee to review this precedent, and subsequently declare our technical bid as responsive. | जिसके आधार पर भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैती प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय भवन के निर्माण कार्य की निविदा पर प्राप्त आपत्ति को मान्य किया गया। मुख्य अभियंता (दक्षिण) का ज्ञापांक-3972(द0) दिनांक-08.12.2025 (द्रष्टव्य)।<br>तदनुसार प्राप्त अभिलेख के आधार पर निविदाकार RUNGTA MULTICON PVT. LTD. को तकनिकी बीड की पुनः समीक्षा की गयी एवं एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5 A (C)" Executed in any one year the minimum quantities of item" के अन्तर्गत मांगी गयी Fire fighting (Rs. 22,26,954/-) के विरूद्ध वित्तीय वर्ष-2021-22 में रू0 1,02,41,789/- का कार्य किया गया है, जो न्यूनतम अर्हता पूर्ण करता है।<br>अतः उपरोक्त तथ्यों के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त आपत्ति को सर्वसम्मति से मान्य करते हुए निविदाकार RUNGTA MULTICON Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। |

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा के परिवादी RUNGTA MULTICON PVT LTD., CUNIHARI TOLA, BHAGALPUR (BIHAR)- 812002 द्वारा दिये गये परिवाद को मान्य करते हुए निविदाकार RUNGTA MULTICON PVT LTD., CUNIHARI TOLA, BHAGALPUR (BIHAR)- 812002 को तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"रिस्पॉसिव"** करते हुए तकनीकी बीड में **"सफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

16. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-**

सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से **भाग लिये तीनों निविदाकार**

(i) "M/S KUWAR CONSTRUCTION, (PROP-ABHIMANYU KUWAR), BARHETA, DHARBHANGA-846001 (BCD Class-1, REG NO-1210026)",

(ii) "PRATAYASHA CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, R N COLLEGE ROAD, VEER SHAILESH COWK, NEAR POKHRA, HAJIPUR (BIHAR- 844101) (RWD Class-1, REG NO-1210157)" एवं

(iii) "RUNGTA MULTICON PVT LTD., CUNIHARI TOLA, BHAGALPUR (BIHAR)- 812002 (BCD Class-1, REG NO-1250060)"

को तकनीकी बीड में **'सफल'** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। साथ ही **सफल तीनों निविदाकारों** का वित्तीय बीड खोले जाने की अनुशंसा पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय लिया गया।

17. **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

सम्यक् विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार<br>भ0नि0वि0, पटना। | (रामाज्ञा कुमार)<br>मुख्य अभियंता(उत्तर)<br>भ0नि0वि0, पटना। | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | (कुमार रवि)<br>सचिव<br>भ0नि0वि0, पटना। |

मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः-भ0उ0वि0/यो0(दर0)-106/2025-2306        पटना, दिनांकः- 24/4/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता (उत्तर)।